राजस्थान-पत्रिका दि. 2-11-12 (शुक्रवार)

किया प्रदर्शन

RP

अजमेर. बीएसएनएल अजमेर सर्किल के अधिकारी व कर्मचारी चौथे दिन भी आगरागेट स्थित टेलीफोन एक्सचेंज गेट पर क्रमिक भूख हड़ताल पर रहे। कर्मचारियों ने आईटीएस अधिकारियों का डेप्युटेशन निरस्त कर सभी को मूल विभाग में भेजने अथवा सभी समायोजित कर्मचारियों व अधिकारियों को वापस सरकारी सेवाओं में लेकर दोहरी एवं पक्षपातपूर्ण नीति को समाप्त करने की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। गुरुवार को आनन्द सिंह राठौड़, मोहन नाथ, पारस मल, अमर चंद, मोहन लाल, अमर सिंह, नेमीचंद जैन, सुनील गहलोत, जसवंत सिंह, सत्यप्रकाश तथा नाथूराम ने अनशन किया।

दैनिक नवज्योति दि. 2-11-12

अनशन जारी

DN-2-11-12

अजमेर। राष्ट्रीय आह्वान पर दिया जा रहा बीएसएनएल कर्मियों का क्रमिक अनशन गुरुवार को भी जारी रहा। अनशन पर आनंदसिंह, मोहननाथ, पारसमल, अमरचंद, मोहनलाल, अमरसिंह, नेमीचंद जैन, सुनील गहलोत, जसवंतसिंह, सत्यप्रकाश व नानूराम यादव बैठे। इस मौके पर कर्मचारियों ने अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन भी किया।